

जबलपुर, कटंगा। चैतन्य देवियों की झांकी में दीप प्रज्जवलन के बाद ग्रुप फोटो मे आकाशवाणी के डायरेक्टर भ्राता एन्डे, ब्र.कु.अशोक गाबा, राजेश चाँवला आईजी होमगार्ड पुलिस, ब्र.कु.विमला, ब्र.कु. विजय तिवारी एवं अन्य




सक्ति। "सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण" कार्यक्रम में मंच पर ब्र.कु.जागृति, राजयोग अनुभूति कराते हुए ब्र.कु.शशी, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष राम अवतार तथा अन्य वरिष्ठ व्यापारीगण



राजेन्द्र नगर। चैतन्य देवियों की झांकी के उद्घाटन के बाद परमात्म स्मृति मे स्थित ब्र.कु.शशी बहन, ब्र.कु.रक्षा बहन, ब्र.कु.शारदा बहन एवं अन्य



कोरबा, (छ.ग.)। "आध्यात्मिक शक्तियों द्वारा व्यापार एवं उद्योग में सफलता" कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन करते हुए ब्र.कु.दीपा,व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामसिंग अग्रवाल, पुर्व उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल, निर्देशक पी.एन.शर्मा, ब्र.कु.रुकमणी, डायरेक्टर जे.एल.शाह, महामंत्री विजय अग्रवाल



प्रकाश नगर, इन्दौर। चैतन्य देवियों की झांकी का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन करने के पश्चात सांसद सत्यनारायण पटेल, इंजीनियर सुजित शर्मा, ब्र.कु.सुमित्रा बहन एवं अन्य



जमनिपाली। तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुए ब्र.कु.मंजु, अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डे, विधायक जयसिंग अग्रवाल, ब्र.कु.बिन्दु, ब्र.कु.मंजु, ब्र.कु.जागृति एवं ब्र.कु.शशी

# मद्य निषेध सप्ताह प्रगति पथ पर




कोरबा। छत्तीसगढ शासन द्वारा घोषित मद्य निषेध सप्ताह की चाह और राह की ताक कोरबा अंचल में हर दिल के कोने को छू रही है। अंचल में आयोजित विषय "नशे की शान-जीवन परेशान" पर प्रक्षेत्र स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में युवा बढ चढकर अपनी सहभागिता निभा रहे है। बाल युवा मन की आवाज क्या कहती है? वह अपनी चित्रकला, लेखन, भाषण, नाट्य, नृत्य, गायन व कार सेवा द्वारा व्यापक नशा मुक्ति के लिये प्रचार प्रसार कर रहे हैं। करतला ब्लाक की रौनक और उमंग उत्साह तो देखते ही बनता है। पूरा ही विकासखंड नशा मुक्ति के लिये जागरूक है। शिक्षा विभाग, जन प्रतिनिधि व ग्रामवासी सभी मिलकर नशे को जड से उखाड फेंकना चाहते हैं। आदरणीय गृहमंत्री ननकीरामजी कंवर की प्रेरणा और शा.उ.मा.वि. करतला के प्राचार्य भ्राता एस.एस. तोमर, डा. डी. के. सिंह चिकित्सक वेटर्नरी, पूर्व सरपंच जयपाल सिंह, जन प्रतिनिधि आकाश सक्सेना, सेवा निवृत्त प्राचार्य आर.सिंह एवं अन्य ग्रामवासी और महिला संगठन का प्रयास इस कार्य के लिये सराहनीय है।

शा.उ.मा.वि. सरगबूंदिया के प्राचार्य व्ही. के. सिंह ने कहा कि नशे के कारण आज का युवा भटक रहा हैऔर पतन के गर्त में गिरता जा रहा है। इस अभियान में यदि महिलायें आगे आये तो सारा देश नशा मुक्त हो सकता है। जमनीपाली गांव में, विकास खंड कटघोरा में बुनियादी शिक्षा एवं स्वालम्बन विद्या के अंतर्गत ग्रामीण माखन लाल साहू, हीरा लाल, तारादेवी, रमला और इनके अनेक साथियों ने सार्वजनिक जमनीपाली सभा मंच तथा पूरे स्टेडियम की सफाई की। इनके साथ ही एक कुएं को भी सभी ने मिलकर साफ किया। भ्राता के.बी. लाल की प्रेरणा से ग्राम कोहडिया में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया। शा.उ.मा.वि. तूमान के प्राचार्य ने कहा कि नशा घर-गृहस्थ परिवार तो क्या सारे राज्य के विकास के लिये घातक है। नशा मुक्ति के लिये सामूदायिक व विशेष अभियान के साथ-साथ नियमित प्रयास आवश्यक है, जिससे लोग नशे से दूर रहने के लिये स्वयं जागरूक हो जायें। कु. प्रियंका गुप्ता शा.उ. मा.वि. जमनीपाली का कहना है कि नशा मनुष्य को खा जाता है, परन्तु इसका अहसास वह तब करता है जबकि बहुत देर हो चूकि होती है। रितिक साहू ने चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया कि जिन बच्चों को बचपन में पिता की प्यार भरी पालना का साया होता है वहां वो अपनी मां को डंडे से मार खाते देख किसी कोने में दुबके रहते हैं। मद्य निषेध सप्ताह में एक नशा मुक्ति परामर्श केंद्र की स्थापना ब्रह्माकुमारीज विश्व सद्भावना भवन में सायं 4-7 बजे तक की गई है। नशे की समस्या से निदान के लिये एवं अंचल को नशा मुक्त बनाने के लिये जन सामान्य, महिला संगठन और अपने सहभागिता निभाने के लिये इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न संगठन और चिकित्सक सादर आमंत्रित हैं। आबू पर्वत से पधारे ब्रह्माकुमार भाई कोरबा अंचल मे विभिन्न स्थानों पर जाकर मद्य निषेद और आध्यात्मिकता का अलख जगा रहे हैं। आप शायरी के माध्यम से कहते हैं कि

"जिंदगी काटों का सफर है, हौसले इसकी पहचान है। रास्तों पर तो सभी चलते है, जो रास्ते बनाये वही इंसान है।"

# अलविदा तनाव शिविर का उद्घाटन




वाड्रफनगर, सरगुजा। लोगों को तनाव से मुक्ति दिलाने हेतु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नगर में अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सांसद मुरारी लाल सिंह - प्रतापपुर, विधायक डॉ.प्रेम साय सिंह, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव एवं सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद मुरारी लाल सिंह ने कहा कि जिस प्रकार शरीर की कार्य प्रणाली को सुचारु रूप से चलाने के लिये अंगो का आपसी समन्वय एवं सामंजस्य आवश्यक है उसी प्रकार समाज उत्थान में प्रत्येक वर्ग की अपनी-अपनी भूमिका है। इनके आपसी सामंजस्य एवं सद्भाव से ही समाज में सुख-शांति की स्थापना हो सकती है। उन्होंने अष्टावक्र, राजा जनक एवं सिकंदर का उदाहरण देते हुये कहा कि सिकंदर विश्व विजेता होते हुये भी इस दुनिया से जाते समय खाली हाथ गया, उसी प्रकार हमें भी खाली हाथ जान होगा। सिर्फ हमारे अच्छे व बुरे कर्मो का खाता ही हमारे साथ जायेगा।

ब्रह्माकुमारीज के संभागीय संचालिका विद्या बहन ने धर्म और आध्यात्म का अंतर स्पष्ट करते हुये कहा कि धर्म केले के छिलके के समान और आध्यात्म उसके कोर के समान है जिसे हम ग्रहण करते है। कार्यक्रम को विधायक डॉ. प्रेम साय सिंह, हरिहर यादव, गोपीराम कुशवाहा ने भी संबोधित किया।



नरसिंहपुर। चैतन्य देवियों की झांकी का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष सुनील कोठारी, डॉ. शोभना पटेल, डॉ. शुभलक्ष्मी सिंघई एवं ब्र.कु.कुसुम



जबलपुर, नेपियर टाउन। चैतन्य झांकी का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुए एस.के.मुद्दीन म.प्र.राज्य मंत्री, थाणेश्वर महावर - प्रदेश अध्यक्ष शिवसेना, सुशीला सिंह पुर्व महापौर, रत्न श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, अनुभा शर्मा महिला नगर कांग्रेस एवं ब्र.कु.भावना